न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

पीठासीन अधिकारी:– श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)

निर्णय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण सख्या : 10/2020

बउनवान:–

नूरी बाई पुत्री ओंकार सहरिया निवासी गुदरावनी तह0 मांगरोल जिला बारां ...वादनी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0) ....प्रतिवादी

दावा अन्तर्गत धारा 88, 89, आर0टी0एक्ट0

वकील वादनी : श्री अजित कुमार जैन

निर्णय दिनांक : 23.03.2021

दायरा दिनांक: 07.08.2020

प्रस्तुत वाद पत्र का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया के पिता औंकार पुत्र भंवरलाल ग्राम गुदरावनी में खसरा नं0 195 की 10 बीघा 15 बिस्वा बरानी प्रथम में से 10 बीघा 15 बिस्वा भूमि नियमानुसार खरीद की थी तथा उसी के अनुरूप ग्राम गुदरावनी में प्रार्थीया के पिता औंकार पुत्र भवरलाल जाति सहर के नाम बतौर खातेदार दर्ज कर इन्तकाल नं0 23 खोला गया था। तथा उसी के अनुरूप सम्वत 2023–26 में भी जाति सहर दर्ज हुई तथा सम्वत 2027–30 में खाता संख्या 73 में सहर दर्ज हुई सम्वत 2031–34 में भी सहर दर्ज हुई तथा बाद सेटलमेंट राजस्व अधिकारियों ने प्रार्थी के पिता के नाम के आगे जाति सहर की जगह मेहर दर्ज कर दी। तभी से प्रार्थीया के पिता के नाम के आगे जाति सहर के स्थान पर मेहर दर्ज हो की गई है। वादनी के पिता का स्वर्गवास 05.05.1994 को हो चुका है। उक्त साबिक खसरा नं0 के हाल खसरा नं0 333 रकबा 1.06 है0 तथा खसरा नं0 335/506 रकबा 0.68 है0 कुल किता 2 रकबा 1.74 है0 वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2076 –2079 में दर्ज है। तथा वर्तमान में प्रार्थीया के पिता औंकार पुत्र भंवरलाल जाति मेहर दर्ज है। मुताबिक रेकार्ड समस्त दस्तावेजो के भी पूर्व में जाति सहर ही दर्ज है। प्रार्थीया के पिता की जाति सहर है। अतः निवेदन है कि ग्राम गुदरावनी के दस्तावेज हाल जमाबंदी खाता संख्या 7 नया पुराना 7 में प्रार्थीया के पिता की जाति मेहर के स्थान पर सहर दुरूस्त करने के आदेश प्रदान करें।

उक्त आशय का वाद पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 07.08.2020 को दर्ज रजिस्टर किया गया प्रतिवादी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार भी है को रिपोर्ट हेतु तबल किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) ने अपने पत्र कमांक/राजस्व/2020/386 दिनांक 27.08.2020 से जवाब प्रस्तुत किया जिसके अनुसार ग्राम वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2076–79 में ग्राम गुदरावनी में खाता संख्या 7 खसरा नं0 333 रकबा 1.06 है0 तथा खसरा नं0 335/506 रकबा 0.68 है0 कुल किता 2 रकबा 1.74 है0 भूमि औंकार पुत्र भवरलाल जाति मेहर खातेदार के नाम दर्ज है। परन्तु सेटलमेंट से पूर्व जमाबंदी सम्वत 2023–2026 में औंकार वल्द भंवरलाल जाति सेहर सा0 गुदरावनी खसरा नं0 195 रकबा 10 बीघा 15 बिस्वा दर्ज था। मिलान क्षेत्रफल सम्वत 2044–2063 के आधार पर हाल खसरा नं0 333 रकबा 1.06 है0, खसरा नं0 335/506 रकबा 0.68 है0 के साबिक खसरा नं0 195 मिन रकबा 10

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज0)

.बा 15 बिस्वा ग्राम गुदरावनी मजमेआम मे जाकर औंकार पुत्र भवरलाल की जाति के बारे मे जानकारी ली गयीं। ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि औंकार पुत्र भवरलाल की जाति सहर ही है। अतः जाति मेहर के स्थान पर सहर किया जाना उचित होगा।

पत्रांवली में संलग्न दस्तावेजो का आद्योपान्त अध्ययन, अवलोकन व मनन किया गया। वकील वादनी की दिनांक 23.03.2021 को एक पक्षीय बहस सुनी गयी। अधिवक्ता वादनी ने अपनी बहस में उन्ही तथ्यों का कथन किया जिनका उनके द्वारा अपने वाद पत्र में अंकन किया गया है तथा वाद पत्र के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य में मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड, आधार कार्ड, ग्राम पंचायत ईश्वरपुरा द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जमाबंदी सम्वत 2076–79 ग्राम गुदरावनी, जाति प्रमाण पत्र प्रार्थीया नूरी बाई, जमाबंदी सम्वत 2025–28 ग्राम गुदरावनी आदि से भी वादनी के पिता औंकार की जाति सहर होना जाहिर होता है। दस्तावेजात के पक्ष में गवाह स्वयं नूरीबाई पुत्री औंकार जाति सहर निवासी गुदरावनी तह0 तहसील मांगरोल जिला बारां के बयान करवाये गयें। अतः तहसीलदार मांगरोल की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजात व दिनांक 23.03.2021 को अधिवक्ता वादनी की सुनी गयी बहस के आधार पर आराजी ग्राम गुदरावनी में खाता संख्या 7 खसरा नं0 333 रकबा 1.06 है0 तथा खसरा नं0 335/506 रकबा 0.68 है0 कुल किता 2 रकबा 1.74 है0 की राजस्व जमाबंदी में वादनी के पिता के नाम के आगे जाति मेहर के स्थान पर सहर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तदनुसार तहसीलदार मांगरोल को राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैशल शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23.03.2021 को सरेईजलास मजमेंआम में सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज.)

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल